राज्य सभा /

“33”
pib.nic.in
mod.nic.in

पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)

भारत सरकार

****

‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्ली, अग्रहायण 13, 1945
सोमवार, दिसम्बर 04, 2023

विशिष्ट छात्रा सैनिक विद्यालय

देश में पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत स्थापित उत्तर प्रदेश में अमेठी, झांसी एवं मैनपुरी में 3 सैनिक स्कूलों सहित सभी 33 सैनिक स्कूलों में सह-शिक्षा की सुविधा है। पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत छात्राओं के लिए सैनिक स्कूल स्थापित करने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों की भागीदारी में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की पहल के अंतर्गत छात्राओं के लिए सैनिक स्कूल स्थापित करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। इस संबंध में, उत्तर प्रदेश राज्य के मथुरा में केवल एक स्कूल अर्थात सामविद गुरुकुलम सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल को छात्राओं के लिए सैनिक स्कूल के रूप में अनुमोदन प्रदान किया गया है।

यह जानकारी रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने आज राज्यसभा में श्रीमती संगीता यादव के प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

एबीबी/एसएस